भारत पर्यटन विकास निगम के लिये विपणन योजना

4302. **श्री अजीत जोगी :**
श्री एस. एस. सुरजेवाला :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत पर्यटन विकास निगम के लिये कोई विपणन योजना तैयार की गई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस योजना को अन्तिम रूप कब दिया गया था ; और

(ग) भारत पर्यटन विकास निगम के लाभों पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जी, हां । वर्ष 1994-95 के लिये विपणन कार्य योजना, मार्च, 1994 में तैयार की गई थी । जो घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में भारत पर्यटन विकास निगम की विभिन्न सेवाओं के संवर्धन और विपणन की कार्यनीति दर्शाती है ।

(ग) विपणन कार्य योजना भारत पर्यटन विकास निगम की सेवाओं के संवर्धन और विपणन की एक नीतिगत योजना होने से, भारत पर्यटन विकास निगम की लाभप्रदता पर अनुकूल प्रभाव डालती है । वर्ष 1994-95 के दौरान, भारत पर्यटन विकास निगम का लाभ (कर से पहले) वर्ष 1993-94 के 24.02 करोड़ रु० से बढ़कर 42.25 करोड़ रु० (अनन्तिम) हो गया ।

एयर इंडिया के उड़ान भरने के मार्ग

4303. **श्री अजीत जोगी :**
श्री एस.एस. सुरजेवाला :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) क्या एयर इंडिया उन सभी मार्गों पर अपनी उड़ानें प्रचालित करता है जिन पर उसे उड़ान भरने का अधिकार प्राप्त है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे मार्गों का ब्यौरा क्या है जहां इसकी उड़ानें प्रचालित नहीं होती हैं ;

(ग) क्या सरकार ऐसे अधिकार इंडियन एयरलाइन्स को सौंप देने का विचार रखती है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी नहीं ।

(ख) उन देशों की सूची, जहां भारतीय विमान कम्पनियों को प्रचालन करने के यातायात अधिकार प्राप्त हैं किन्तु फिलहाल प्रचालन नहीं कर रही है, विवरण में दी गई है (नीचे देखिए)

(ग) से (ङ) इंडियन एयरलाइन्स विदेशों में तभी प्रचालन कर सकती है यदि उसे संबंधित द्विपक्षीय हवाई सेवा करार में भारतीय वाहक कम्पनी के रूप में पदनामित किया गया हो । जहां कहीं भी इस प्रकार पदनामित किए जाने की सुविधा उपलब्ध है, एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स अपनी क्षमता का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने हेतु एक-दूसरे का सहयोग करती है । इंडियन एयरलाइन्स नेपाल, बंगलादेश और श्रीलंका में, जहां यातायात अधिकार प्राप्त होने के बावजूद एयर इंडिया फिलहाल सेवाएं प्रचालित नहीं करती, इंडियन एयरलाइंस पहले से ही प्रचालन कर रही है । इंडियन एयरलाइंस को और अधिक देशों में प्रचालन करने के लिए पदनामित किए जाने के उपाय भी किए गए हैं बशर्ते कि उनके विमानों पर प्रचालनात्मक दबाव न हो ।